जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

बस्ती। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना तथा पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन बस्ती सदर, क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन हर्रैया में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों की भूमिका और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए निर्वाचन प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी मतदान कार्मिक निर्धारित नियमों के अनुरूप कार्य करें तथा मतदान की गोपनीयता एवं निष्पक्षता का विशेष ध्यान रखें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मतदान से संबंधित किसी समस्या की स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिसकर्मी अपने निर्धारित दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

भव्य होगी सनातन धर्म संस्था की सातवें वर्ष की रामलीला

बस्ती। सनातन धर्म संस्था, बस्ती द्वारा श्री हरि मैरेज हाल में श्री रामलीला महोत्सव को भव्य दिव्य, बनाने व भव्य जन जागरण शोभायात्रा के उद्देश्य से एक तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। दीप प्रज्जवलन एवं श्री राम स्तुति द्वारा बैठक का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

स्वागत करते हुए श्याम जी चौधरी ने बताया जन जन में रामत्व जगाने के लिए सनातन धर्म संस्था सतत प्रयत्नशील है, ये सब आम जन के सहयोग से ही संभव हो पाया है। पण्डित गोपेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पिछले वर्षों में रामलीला महोत्सव द्वारा नौनिहालों में जो संस्कार देने का जो बीड़ा सनातन धर्म संस्था, बस्ती ने उठाया है उसका परिणाम दिखना शुरू हो गए हैं। डॉ शैलेश सिंह ने 20 विद्यालयों के 600 से अधिक बच्चों द्वारा होने वाली श्री रामलीला महोत्सव पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज आवश्यकता है सभी बच्चों में येन केन प्रकारेण श्री राम जी के जीवन से जोड़कर रामत्व स्थापित किया जाए।

जिस राम राज्य और विश्वगुरु भारत की हम सब कल्पना करते हैं उसका सबसे सुलभ और सटीक मार्ग जन जन में रामत्व स्थापित करना है, जिसे सनातन धर्म संस्था, बस्ती बहुत सुंदर ढंग से कर रही है।



मनीष सिंह ने कहा कि जिस तरह से आज क्राइम बढ़ रहा है, जिस तरह से बच्चे माता पिता से विमुख हो रहे हैं, जिस तरह धर्म की हानि हो रही है, जिस तरह से धर्मांतरण हो रहे हैं, संयुक्त परिवार की अवधारणा टूट रही है, ऐसे में बच्चों को श्री रामलीला महोत्सव से जोड़कर लगातार 3 से 4 महीने तक श्री राम जी के चरित्र, आचरण, जीवन पद्धति आदि का अध्ययन कराया जा रहा है वह एक बड़े परिवर्तन की शुरुआत है। एम पी दूबे ने सभी को इस शोभा यात्रा को अविस्मरणीय बनाने की अपील की।

कर्नल के सी मिश्र ने कहा कि आज बहुत आवश्यक है कि बच्चे श्री राम जी से प्रेरणा लेते हुये स्वराष्ट्र व स्वधर्म के प्रति जागरुक हों, सीमाओं की सुरक्षा हेतु तत्पर हों, उन्होंने श्री राम जी का उद्धण देते हुये कहा कि भगवान श्री राम जी ने लक्ष्मण जी से कहा था कि ॥अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते॥ जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥

कहा कि स्वराष्ट्र प्रथम व स्वधर्म की भावना को ही प्राथमिकता मिले तो यह भारत देश बड़ा ही सुंदर हो जायेगा।

सभी का आवाहन करते हुये अविनाश त्रिपाठी ने कहा कि आगामी 02 नवंबर, दिन- सोमवार को प्रात: 10 बजे से श्री कृष्ण कुमारी पाण्डेय इंटर कॉलेज स्टेशन रोड से-रोडवेज, गांधीनगर, कंपनीबाग होते हुये शिव मंदिर अमहट घाट तक श्री रामलीला समिति द्वारा भव्य जन जागण शोभायात्रा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है जो समाज के लिए समाज के द्वारा ही सम्पन्न होना है, जिसमें बड़ी संख्या में सपरिवार पीत वस्त्रों में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है।

सरदार सर्वजीत सिंह ने कहा कि श्री रामलीला महोत्सव, बस्ती हमारे जनपद का मुख्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम बन गया है। जिसकी वर्ष भर लोगों को प्रतीक्षा रहती है।

अखिलेश दूबे ने श्री रामचरित मानस की महत्वपूर्ण चौपाइयों से लोगों में राम जी के प्रति भाव भरने का प्रयास किया।

बैठक में संस्था की नवनिर्मित वेबसाइट www.sanatand-harmasansthabasti.org और पोस्टर भी प्रस्तुत किया गया।

बैठक में नरेश सडाना, अतुल चित्रगुप्त, अंकुर यादव, उमंग शुक्ल, कैलाश नाथ दूबे, सुशील मिश्र, अनुराग शुक्ल, सर्वजीत सिंह, सहदेव दूबे, भोलानाथ चौधरी, अर्पित गौड़, हर्ष मिश्र, अभय त्रिपाठी, अभिषेक पांडेय, अमरेंद्र सिंह, मुक्तेश्वर नाथ आजाद, जय गोपाल पांडेय, आलोक श्रीवास्तव, हरीश त्रिपाठी, राणा महेंद्र प्रताप, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ मनोज सिंह, राकेश कुमार सिंह, शिवम सिंह, प्रेम प्रकाश ओझा, काशीराम, अंकुर यादव, शिव प्रसाद चौधरी, नील कमल, विवेक मिश्र, किशन कुमार, ओमकार मिश्र, आशुतोष सिंह, कपिलदेव सिंह, अविनाश त्रिपाठी, अभय त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, सहित बहुत से लोग सम्मिलित हुए।

मनीष मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग, कांग्रेसियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

बस्ती । कांग्रेस नेता महादेवा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी बृजेश कुमार आर्य के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां महादेवा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी एवं कांग्रेस नेता बृजेश कुमार आर्य के खिलाफ कथित जातिसूचक टिप्पणी करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में भाजपा नेता मनीष मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी और बृजेश कुमार आर्य ने आरोप लगाया कि मनीष कुमार मिश्रा ने सोशल मीडिया के माध्यम से बृजेश कुमार आर्य के खिलाफ आपत्तिजनक और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। आरोप है कि सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट और टिप्पणियों के जरिए उन्हें अपमानित किया गया तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई।



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी दलित समाज के प्रति विरोधी मानसिकता को दर्शाती है।

बृजेश कुमार आर्य ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 22 अक्टूबर 2026 को शाम करीब छह बजे मनीष मिश्रा ने उनके खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए धमकी दी। उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं से उनकी जान को खतरा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मामले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) अधिनियम सहित अन्य लागू गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान गिरजेश पाल, ज्ञानेंद्र पांडेय, डॉ. आलोक रंजन वर्मा, मनीष दुबे, बाबूराम सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, वाहिद सिद्दीकी, अलिफ अख्तर, पंकज राव, महेश कुमार, शोभित चौधरी, दुर्गेश चौधरी, मोहम्मद रफी, रामप्रीत, फजल आजम, शौकत अली नन्नू, मुकेश कुमार, शुभम कुमार, वकील विक्रम गौतम, धर्मेंद्र कनौजिया, आशुतोष पांडेय, आदित्य त्रिपाठी, कन्हैया यादव, राकेश मणि त्रिपाठी, अमित सिंह, संदीप श्रीवास्तव, संजय चौधरी, सुधीर यादव, प्रशांत पाठक, दूधनाथ पटेल, रामबहादुर सिंह, शौकत अली, दीपेंद्र सिंह और आनंद निषाद सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधान परिषद, शिक्षक निर्वाचन का चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

बभनान बस्ती । गोरखपुर फैजाबाद शिक्षक क्षेत्र का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। ब्लाक मुख्यालय गौर में बने मतदान केंद्र पर पीठासीन अधिकारी पंकज गुप्ता ने मतदान के बाद पार्टी प्रत्याशियों के मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति में मतपेटिकी सील की गई। मतदान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बूथ पर कुल 194 मतदाता अंकित थे । जिसमें से 172मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में प्राय: सभी गुट के समर्थक अपना स्टार लगाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील करते देखे गए। क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल्ला खां ने इसमें उतरे प्रत्याशियों के बारे में अपनी राय व्यक्त की इस मौके पर भाजपा नेता जटाशंकर शुक्ला, श्याम बहादुर सिंह, दिग्विजय सिंह राना, ?राधेश्याम कमलापुरी, पवन शुक्ला, संतोष कुमार शुक्ला सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

समाजसेवी रंजीत श्रीवास्तव की पहल, बैरिहवां वार्ड मे जलजमाव से मिली राहत

बस्ती, । नगर पालिका क्षेत्र के टीवी टावर से बैरिहवा मार्ग पर लंबे समय से चली बा रही जलजमाव की समस्या का समाधान होने से स्थानीय लोगों, राहगीरों और स्कूली बच्चों को राहत मिली है। पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी रहती थी, जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस गंभीर जनसमस्या को लेकर समाजसेवी रंजीत श्रीवास्तव ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवं जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता को लिखित पत्र देकर समस्या के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया। इसके बाद वर्षों पुरानी पानी के लीकेज की समस्या का समाधान हो गया। अब सावित्री विद्या विहार, आकाश पब्लिक स्कूल सहित आसपास के विद्यालयों में आने-जाने वाले बच्चों और स्थानीय नागरिकों को जलजमाव का सामना नही करना पडेगा। रंजीत श्रीवास्तव ने कहा कि बैरिहवा वार्ड की समस्याओं का समाधान कराना उनका संकल्प है। प्रयास है कि वार्ड के नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान न होना पड़े। रंजीत श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।



नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

महादेवा, बस्ती। लालगंज थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजीत कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी हलुआपार, थाना लालगंज, जनपद बस्ती के रूप में हुई है।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी रुधौली अनिल कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 23 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11 बजकर 20 मिनट पर पाकरडाड़ से आरोपी को गिरफ्तार किया।



यह कार्रवाई लालगंज थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 275/2026, धारा 137(2) और 87 बीएनएस के तहत की गई। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय, बस्ती भेज दिया गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश चन्द चौधरी, उपनिरीक्षक जालन्धर प्रसाद और कांस्टेबल पवन यादव शामिल रहे।

धम्म चारिका के तहत दस दिन गांवों में भ्रमण करेंगे बौद्ध भिक्षु

महादेवा, बस्ती। दीक्षा दिवस के अवसर पर भंते प्रज्ञानंद के नेतृत्व में भीम ज्योति आनंद बौद्ध विहार, बेहिल से की गई। इस दौरान भिक्षु संघ के अनुसार, धम्म चारिका का उद्देश्य समाज में भाईचारा, सदाचार और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के साथ लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना है। गांवों में ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें पंचशील के सिद्धांतों, सामाजिक संस्कारों और नैतिक आचरण के बारे में धम्म देशना दी जाएगी।



बौद्ध भिक्षु शुक्रवार से दस दिवसीय धम्म चारिका पर निकलेंगे। भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार सुबह 10 बजे अखिल भारतीय बाबासाहेब विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों को भगवान बुद्ध के विचारों और धम्म के सिद्धांतों से परिचित कराएंगे।

अगले सोमवार को दस दिवसीय भ्रमण का समापन जगदीशपुर (मुंडेरवा) में होगा। यहां बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद धम्म देशना के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। धम्म चारिका में मुख्य रूप से भंते प्रज्ञानंद, शिवनाथ बौद्ध, धर्मराज बौद्ध, टीडी प्रसाद, दर्शन कुमार, प्रदीप कुमार गौतम, दिलीप कुमार राव, हृदय राम बौद्ध, लखपति बौद्ध और शांति बौद्ध सहित अन्य बौद्ध भिक्षु शामिल रहेंगे।

कार्यालयः-नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय के गृहकर पंजिका वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 के अन्तर्गत गृहकर पंजिका में अपना नाम दर्ज कराने हेतु निम्न व्यक्ति द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। यदि किसी भी मकान से सम्बन्धित नामान्तरण हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो निम्नलिखित दिनांक के अन्दर अपने आपत्ति के समर्थन में साक्ष्य/सबूत के साथ नगर पंचायत सेवरही, जनपद कुशीनगर कार्यालय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

क्र.सं.	स्वामी का नाम	आवेदक का नाम	नामान्तरण का प्रकार	वार्ड का नाम	मकान सं.	आपत्ति का दिनांक
01.	03	04	05	02	06	07
01.	श्रीमती लक्ष्मी उर्फ लक्ष्मीना पत्नी रामअशीष	श्रीमती सीमा वर्मा पत्नी नवल किशोर वर्मा	दान विलेख	06 पटेल नगर	255	27-11-2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सेवरही-कुशीनगर

संख्या-मेमो/नामा./न.पं.से./2026-27/दिनांक 22-10-2026

अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय

विक्रमजोत, हर्रैया(बस्ती) ।विक्रमजोत बाजार में दशकों से संचालित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। कभी यहां एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय सहित अन्य स्टाफ की तैनाती थी और क्षेत्र के सैकड़ों मरीज रोजाना दवा-इलाज के लिए आते थे आज वही बदहाली का दंश झेल रहा है।जानकारी के अनुसार भगवान धनवंतरी के इस अस्पताल को दशकों पूर्व क्षेत्रीय लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए सरकार द्वारा बनवाया गया जिसमें तीन बेड था। गंभीर मरीजों को भर्ती करने और इलाज की व्यवस्था थी। आज वह सब गायब हो चुका है। डॉक्टर व अन्य कर्मचारियों के रहने के लिए आवास बने थे जहां सारा स्टाफ रहता था। धीरे-धीरे कर्मचारी रिटायर होते गए और आवास जर्जर हो गया। व्यवस्थाओं के अभाव में जनता ने मुंह मोड़ना शुरू कर दिया। पुराना भवन व कर्मचारी आवास मरम्मत के अभाव में जर्जर होकर गिरने लगे और मरीजों को देता रहा। अस्पताल परिसर में चिकित्सालय वीरान हो गया। एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट व एक वार्ड ब्वाय के सहारे अस्पताल चलता रहा। कुछ समय बाद नए भवन का निर्माण किया गया, जहां डॉक्टरों ने पारी-पारी से आने-जाने की व्यवस्था बना ली। हफ्ते में तीन दिन डॉक्टर और तीन दिन फार्मासिस्ट अपनी पारी में अस्पताल पहुंचकर संचालन करने लगे। वार्ड ब्वाय पर्ची देखकर पुड़िया बनाकर कूड़े का ढेर लगा दिया गया। आधी-अधूरी बाउंड्री बनी, जिसमें आज तक गेट नहीं लग पाया। सामने विक्रमजोत कस्बे के सब्जी दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। दुकानें लगाकर अस्पताल का नामोनिशान मिटाने का काम चल रहा है। ऐसा कोई प्रतीक नहीं बचा जिससे अस्पताल का पता चल सके। हालत यह है कि डॉक्टर को अपनी गाड़ी परिसर में ले जाने और निकालने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।क्षेत्रीय नेताओं का भाषण मंच तक सीमित है जिन्हें इस अस्पताल की दुर्दशा दिखाई नहीं देती। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अगर जनप्रतिनिधियों का सौतेला व्यवहार ऐसे ही रहा तो बहुत जल्द चिकित्सालय का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा और इसकी बेशकीमती जमीन भू-माफियाओं के कब्जे में होगी।



कार्यालय नगर पंचायत गायघाट-बस्ती

निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण तथा समस्त सम्बन्धित ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर विकास अनुभाग-8 के पत्र संख्या-आई/1472536/9-8002(099)/2025-2000443 दिनांक 22 सितम्बर 2026 के क्रम में नगर पंचायत गायघाट में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पं. दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत द्वारा प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य कराये जाने हैं। जिसके लिए आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा। वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तों का उल्लेख है।

ई-निविदाएं (टेक्निकल एवं फाइनेंशियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पंचायत गायघाट बस्ती से कार्यालय समय एवं दिवस पर की जा सकती है।

क्रमांक	वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय	तिथि	समय
1.	ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	22-10-2026	12.00 बजे
2.	ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	22-10-2026	12.00 बजे
3.	ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि/समय	13-11-2026	12.00 बजे
4.	ई-निविदा खोलने की तिथि/समय	13-11-2026	04.00 बजे

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गायघाट
बस्ती

अध्यक्ष
नगर पंचायत गायघाट
बस्ती

संख्या-177/न.पं.गा./2026-27/दिनांक 23-10-2026

अत्याधुनिक नई टाउनशिप के विकास की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

बस्ती द्य मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत जनपद बस्ती में एक अत्याधुनिक नई टाउनशिप के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बस्ती विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित इस महत्वाकांक्षी परियोजना हेतु गणेशपुर में भूमि चयन के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्राधिकरण एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित स्थल की भौगोलिक स्थिति, संपर्क मार्गों और भू-उपयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस नई टाउनशिप के सृजन से जनपद बस्ती के नागरिकों को शीघ्र ही चौड़ी सड़कों, आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम, पार्क, सुचारू जलापूर्ति और उन्नत विद्युत व्यवस्था जैसी सभी उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवासीय भूखंड उपलब्ध होना सुनिश्चित होगा। यह परियोजना न केवल अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाकर जिले के सुनियोजित शहरीकरण को नई पहचान देगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर बस्ती जनपद के समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगी।

सुगर मिल बभनान में ब्वायालर पूजा सम्पन्न

बभनान बस्ती ।बलरामपुर चीनी मिल इकाई बभनान गोंडा में पेराई सत्र के शुभारंभ में न्यायालय पूजा कर चिमनी में स्टीम बनाने की प्रक्रिया का श्रीगणेश किया गया। मिल के श्रम कल्याण अधिकारी के पी सिंह ने चीनी मिल के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को इस पूजा में शामिल होने का फरमान जारी किया था। बताते है गन्ने के रस को पकाने के लिए पहिले से स्टीम की आवश्यकता होती है।

रंग देव दुबे का मनाया गया जन्मदिन

बस्ती। सदर तहसील के विकासखंड बनकटी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरी चंदा दूबे में आदर्श शिवांजलि शिक्षा निकेतन के प्रबंधक रंग देव दुबे का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन के शुभ अवसर पर उन्होंने अपने परिवार बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय में फल वितरण किया व ग्राम पंचायत नगहरा के सुरजीत यादव के यहां नर्वदेश्वर शिव मंदिर की स्थापना किया व ग्राम पंचायत पकरी चंदा निवासिनी महिमा गौड़ नामक बच्ची ने देवी मां की भजन अपनी सुरीली आवाज में गाकर सुनाया, भजन को सुनकर वहां पर बैठे काफी संख्या में लोगों ने बच्ची की सराहना की।उक्त अवसर पर उनके जन्मदिन की बधाई देने वाले रिश्तेदारों, शुभ चिंतकों का काफी संख्या में तांता लगा रहा। यहां तक कि मोबाइल के द्वारा भी काफी संख्या में रिश्तेदारों व शुभ चिंतकों ने बधाई दिया।